शरीरमाद्यं खलु धर्मसाधनम्

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान
अंसारी नगर, नई दिल्ली-110029, भारत

All India Institute of Medical Sciences
Ansari Nagar, New Delhi-110029, India

दूरभाष/Phones :(का./Off.): +91-11-26588000, 26594800, 26594805
फैक्स सं./Fax No.: +91-11-26588663, 26588641
Phone (नि./ Res.) +91-11-26594500
ई–मेल/E-mail : director.aiims@gmail.com

आचार्य रणदीप गुलेरिया, पद्मश्री
निदेशक

PROF. RANDEEP GULERIA, Padma Shri
MD, DM (Pulmonary Medicine), FAMS, FIMSA,
DIRECTOR

5-1/2021-हिं.अ.
14.09.2021

अपील

भारत के संविधान के अनुच्छेद 343 में हिंदी को संघ की राजभाषा का दर्जा दिया गया है क्योंकि यह देश के अधिकतर भू-भाग में बोली और समझी जाती है। इसलिए हमारा यह परम कर्तव्य होना चाहिए कि संघ के कामकाज में हिंदी का अधिकाधिक प्रयोग करें।

14 सितम्बर, 2021 को "हिंदी दिवस" के अवसर पर मैं संस्थान के समस्त संकाय-सदस्यों/अधिकारियों/कर्मचारियों को हार्दिक शुभकामनाएं देता हूँ। साथ ही यह आग्रह भी करता हूँ कि वे रोजमर्रा के सरकारी कामकाज में राजभाषा हिंदी के प्रगामी प्रयोग को बढ़ाएं और इसके प्रचार-प्रसार में प्रयत्नशील रहें। इस अवसर पर हम सभी हिंदी के विकास के लिए निष्ठापूर्वक कार्य करने के लिए प्रण लें ताकि भावी पीढ़ी को इसके लिए प्रेरणा मिल सके।

चूंकि, स्वास्थ्य का विषय तकनीकी एवं वैज्ञानिक होने के साथ-साथ जन-साधारण से जुड़ा हुआ है, अत: जन-जन तक "स्वास्थ्य" पहुंचाने के हमारे लक्ष्य के लिए हिंदी एक प्रभावशाली माध्यम है। मैं इस लक्ष्य की प्राप्ति हेतु आप सभी के बहुमूल्य योगदान की अपेक्षा करता हूँ।

धन्यवाद।

रं गुलेरिया

(डॉ. रणदीप गुलेरिया)

सभी विभाग/अनुभाग/केन्द्र।